# घटाने की घटनाएँ



# घटाने की घटनाएँ

इस पुस्तक में...

चमन चाचा और रिमझिम हर दिन की तरह आज भी शाम की सैर के लिए निकले हैं। वे रोज पूरे गाँव का चक्कर काटते हैं। आज वे जहां भी गए वहाँ लोग उन्हें समस्याओं से जूझते मिले। और कमाल की बात यह थी कि सारी समस्याओं का हल एक ही संक्रिया से हुआ- घटाना! तो सैर बन गई 'घटाने की घटनाएँ'!

घटाने के चार प्रकार के सवाल हो सकते हैं। पहला, जिसमें एक समूह से कुछ निकाल दिया जाए।जैसे 5 में से 3 टॉफियाँ खा ली तो कितनी बची? दूसरा जिसमें यह पता लगाना हो कि कौन से समूह में कितने ज्यादा या कम हैं। जैसे, मेरे पास 4 केले और तुम्हारे पास 6 केले हैं? किसके पास कितने ज्यादा/कम हैं? तीसरा जिसमें पहले और अंत की संख्या पता हो और कितना बदलाव हुआ, यह पता लगाना हो। जैसे कल पेड़ पर 9 पपीते थे और आज 5 हैं तो कितने कम हुए। चौथा प्रकार वह है जहां दी गई संख्या में कितना जोड़ने पर एक निश्चित संख्या मिलेगी। जैसे अभी स्कोर 50 है और जीतने के स्कोर 85 चाहिए। तो कितने रन जोड़ने होंगे जीतने के लिए।

इस तरह रिमझिम और चाचा जी ने मिल कर कई तरह के सवालों को हल कर समस्याएं सुलझाईं।


Copyright © 2024 Vikramshila Education Resource Society
All rights reserved.


अरे! वाह रिमझिम, आज
मौसम बहुत अच्छा है।
हाँ चाचा जी! आज
थोड़ी लंबी सैर करेंगे..


अरे..अरे..रवि और सूरज तुम
लोग झगड़ क्यों रहे हो ?
चाचा जी, इसने मेरी
सारी टॉफियाँ ले ली
नहीं चाचा
जी! मैंने सिर्फ
इतनी ली हैं।


तुमने कितनी टॉफियाँ खरीदी थी?
10 टॉफियाँ।
10 में से 4 गईं तो तुम्हारे पास भी तो कुछ टॉफियाँ बची होंगी।


इनको गिनो।
एक, दो तीन, चार, पाँच, छह – ये छह हैं।
तो ठीक है ना–10 में से 4 गई तो बची 6!


चाचा जी, हिसाब तो बराबर हो गया, मगर झगड़ा कहाँ खत्म हुआ?
अब क्या करें रिमझिम?!
अगर रवि मुझे दो टॉफियाँ दे, तो इन दोनों की टॉफियाँ बराबर हो जाएंगी!
मैंने रिमझिम को भी 2 टॉफियाँ दी, अब 6 में से बची 4।
और मेरी भी 4!
अच्छा! अब हुआ न झगड़ा खत्म! चलो हम तुम्हें घर छोड़ दें।



क्या हुआ मदन काका! इतने दुखी क्यों हो?
अरे रिमझिम! कल तुमने पपीते गिने थे न?
हाँ चाचा जी! पूरे 9 पपीते थे।




1
2
3
4
5
आज पपीते कुछ कम नहीं लग रहे?
एक, दो, तीन, चार, पाँच .. अरे हाँ चाचा जी! आज तो 5 ही पपीते हैं।


अरे रे रे .. 9 में से 5 ही रह गए, बाकी कहाँ गए?
6 7 8 9
छह, सात, आठ, नौ यानि 4 पपीते अब पेड़ से गायब हैं।



देखो, आज पके पपीते तोड़े थे। ये लो, एक तुम्हारे लिए!
अरे चाची! आपने तो गायब हुए पपीतों की गुत्थी सुलझा दी!
अच्छा, 9 पपीतों में से 4 पके हुए टूट गये हैं! तो बताओ, कच्चे कितने बचे?
9 में से 4 पक गए तो कच्चे बचे 5!


अमन! कितने रन बनाए तुम दोनों ने?
अबीर ने 20 और मैंने 10
बढ़िया है!



बढ़िया कहाँ चाचा जी!, मैंने 20 ही रन बनाए?
और मैंने इससे भी कम, केवल 10!
TOTAL 123
WKTS 04
OVERS 15
1STINNS 307



रिमझिम! क्या तुम बता सकती हो कि अमन ने अबीर से कितने रन कम बनाए?
जितने रन अमन ने बनाए, उतने ही अबीर ने अमन से ज्यादा बनाए और अमन ने अबीर से कम!
इतना उलझा हुआ जवाब!
सीधे कहो, कि अमन ने अबीर से 10 रन कम बनाए और अबीर ने अमन से 10 रन ज्यादा बनाए!
TOTAL 150
WKTS 05
OVERS 17
1STINNS 307


क्या हुआ रानी! इतनी परेशान क्यों हो?
चाचा जी! हम दुकान गये थे, अब पैसों का हिसाब नहीं मिल रहा।
मैं 20 रुपये लेकर गई थी और ये सामान खरीद लाई हूँ।
शैम्पू
₹.5/- Only
₹10
दन्त मंजन
तुमने सामान 5 और 10 यानि 15 रुपये का सामान खरीदा, ठीक है न?



दुकानदार ने मुझे सिर्फ इतने रुपये लौटाए।
ठीक तो है रानी, 20 रुपये में से 15 रुपये का सामान आया, और बाकी बचे 5 रुपए, जो तुम्हारे पास हैं!
इसे ऐसे हल करो- 20 रुपये में से 10 रुपए का पेस्ट, तो बचे 10 रुपये। फिर इस 10 रुपये में से 5 रुपये का शैम्पू, तो बचे कितने, बताओ?
20-10=10, 10-5=5
5
5 रुपये!!! ये हिसाब तो सही हो गया!


चलो रिमझिम! देखें क्या-क्या सब्जियाँ मिल रही है।
चलिए चाचा जी! सब्जी ले लेते हैं।
हाँ, आज तोरी, लौकी और भिंडी लेंगे। मुझे ये सारी सब्जियां पसंद हैं!
भिंडी कैसे दी भाई?
20 रुपये पाव भैया!
20-15 = 5
कल तो 15 रुपये पाव थी?
मतलब कल से आज में एक पाव भिंडी का दाम 5 रु बढ़ गया!



तोरई का क्या दाम है?
कल से 5 रुपये कम।
कल कितना दाम था काका?
25 रुपये किलो
25-20 = 5
आज कीमत होगी 25 में से 5 गए - 20 रुपये किलो।



लौकी आज कितने में दे रहे हो?
आज 15 रुपये की एक लौकी है, कल से 5 रुपये कम हुआ है दाम।
?-5 = 15
20
आज का दाम है 15 रुपये और ये कल से 5 रुपये कम है, यानि कल 5 रुपये ज्यादा था दाम, मतलब कल लौकी 20 रुपये पीस थी!


टमाटरगंज
पंचायत भवन
सचिव जी! तैयारी पूरी हो गयी कल के झंडारोहण की?
बाकी तो हो गया बस कुर्सियाँ कम पड़ रही हैं।
यहाँ 12 कुर्सियाँ हैं, आपको कितनी कुर्सियाँ चाहिए?


20 कुर्सियाँ होती तो ठीक रहता।
कितनी कुर्सियाँ और मिल जाएं तो 20 कुर्सियाँ होंगी?
12 + _ = 20
टेंट वाले से बाकी कुर्सियाँ मँगवा लेते हैं।


ऐसे सोचो- 12 में क्या जोड़ेंगे तो बीस होगा?
12 + ? = 20
अब ऐसे भी सोचो, 20 से 12 कम करने पर कितना बचेगा?
ये भी 8! यानि जोड़ का उल्टा है घटाना


अरे! कल ही 1 दर्जन केले लिए थे और आज एक ही बचा है?
चाचा जी, लगता है आज घटाने की घटनाएँ हमारा पीछा नहीं छोड़ेंगी!
हा हा हा!




## कितना ज्यादा या कितना कम?














सत्र 2025-2026

उत्तर प्रदेश शासन

समग्र शिक्षा

Samagra Shiksha

NIPUN BHARAT

Content developed by Vikramshila Education Resource Society

Illustrated by Ram babu Pal